॥ श्री सद्‌गुरु प्रसन्न ॥

लहरी भजन स्फुर्ती

[हिन्दी व मराठी भजने]

★

लेखक –

श्री संत जैरामदास उर्फ लहरी बाबा

किमत ४-५० रुपये

श्री संत जैरामदास उर्फ लहरी बाबा
कामठा



आश्रम कामठा त. गोंदिया जि. भंडारा

जन्म तिथी ७-१२-१९२२

॥ श्री सद्गुरु प्रसन्न ।

ॐ

लहरी भजन स्फुर्ती

[हिन्दी व मराठी भजने]

★

लेखक –

श्री संत जैरामदास उर्फ लहरी बाबा

किमत ४–५० रुपये

प्रकाशक

श्री संत जैरामदास

★

प्रबंधक

लहरी आश्रम

मु. पो. कामठा,

त. गोंदिया जि. भंडारा (महाराष्ट्र)

★

प्रकाशन तिथी गुरु पोर्णिमा ३ जुलै १९९३

★

प्रथम आवृत्ती २०००

सर्वाधिकार प्रकाशकाचे स्वाधीन.

पुस्तक मिळण्याचे ठिकाण :

श्री लहरी आश्रम, कामठा

त. गोंदिया जि. भंडारा.

★

मुद्रक

प्रो. दिपक कृ. भागवत

भागवत प्रिन्टींग प्रेस,

टि. हाऊस चौक, भिवापूर जि. नागपूर

—० संदेश ०—

प्यारे भाईयों,

आज भौतिकवाद चरण सिमापर पहूँच रहा है। जीसे विज्ञान युग में विकास और उन्नती का प्रतिक माना जाता है। किन्तू इतनी उपलब्धी हासील करने पर भी हम सुख, शांती, सम्मान, समाधान की बजाय द्वेष, ईर्षा, भय, अनादर, असंतोष का अनुभव कर रहे है। इसका मुख्य कारण यह है की, अध्यात्म को हम भूल गये जो हमारी संस्कृती की आत्मा है। बिल्डींग बनाते चले लेकीन पहियाँ की ओर ध्यान नही। बिना अध्यात्म के कोई भी व्यक्ती आत्मविकास और सच्ची सुख शांती प्रदान नही कर सकता। अत: इस भौतिक विनाश को रोकने के लिये एवम् आत्मोन्नती साधने के लिए आध्यात्मका अनुसरण एकमात्र पर्याय है।

इस पुस्तक मे प्रपंच परमार्थ का सार, भौतिक आध्यात्मका भेद, इहलोक परलोक के साधन, सगूण निर्गूण का मर्म मानव जन्म का कर्तव्य, भक्तिका रहस्य, मुक्ती, मोक्ष के उपाय, गुरुकृपा का महात्म्य तात्वीक रुप से निरुपण किया है। जो आपकी उन्नती एवम् जीवन का कल्याण साधने में निश्चित रुप से सार्थक सिद्ध होगी इसमें कोई संदेह नही।

शरीर सुख के वास्ते भौतिक विज्ञान की आवश्यकता है परंतू आत्मिक सुख के लिये अध्यात्मका ज्ञान लेना गोपनीय रहेगा। आज पाश्चात्य देश के लोग भगवान है ये मानने लगे है। इसिलीये भारत के देवी देवता की

पूजा अर्चा कर रहे है। इसका मुख्य कारण, अुनके समझ मे आया की आध्यात्मिक ज्ञान बिगर सच्ची सुख शांती नही है।

आध्यात्मिक ज्ञान के लिये भौतिक उन्नती भी आवश्यक है, साथोसाथ अखंड सुख शांती पाने के लिये हमे आध्यात्म के ओर अग्रेसर होना आवश्यक है। करके पाश्चात्य देश में भगवान राम, कृष्ण, बुद्ध, दुर्गा इनके कार्य के उपर अग्रेसर हो रहे है। इसलीये हमे भी विश्व के सब प्राणी के लिये सुख शांती मिले ऐसा प्रयत्न करना चाहिए। यह आध्यात्मिक ज्ञान से ही प्रगत हो सकता है।

इस भारत बर्ष में प्राचिन कालसे ही हर धर्म के, हर मजहब के महापुरुषोंने पूरा जीवन अध्यात्मिक ज्ञान में ही बीताये। करके ही भारतीय विज्ञान के आचार्य राम, कृष्ण, बुद्ध, माता दुर्गा आदी हो गये। इन्होने ही भगवान का खोज किया और उसकी अनुभूती ली।

भगवान प्राप्ती करने के लिये साधक को नश्वर शरीर मे ही अुसका खोज करना होगा। जैसे दुधसे से घी निकलता है लेकीन वह निकालने के लिये साधना करनी पडती है। भगवान इन आंखो से देखा नही जाता। और हाथसे छुया नही जाता। जैसे ऋतूएँ अपने समय पर आती है और जाती है लेकीन वह दिखती नही बल्की अुसका हमे अनुभव होता है। इसिमुताबीक साधक को साधना के उपर चलते चलते अुसकी अनुभूती होती है। जैसे गर्भवती बाई को गर्भधारना के बाद उसे पूत्र का अनुभव आता है उसी तरह भक्त भक्ती के राहपर चलते समय उसे भगवान का आता है।

संत जैरामदास

-: अनुक्रमणिका :-

हिन्दी विभाग

भजन क्र.	शिर्षक	पेज क्र.
१	नर से नारायण होवे	१
२	मैं हुजूर का मजूर	१
३	पकडलो संतो का	२
४	ज्ञानी से बडा विचारी	३
५	आज देखो छल कपट	३
६	कब तक चलेगी तुम्हारी	४
७	अपनी अपनी कौम की	५
८	वचन के पक्के होते संत	५
९	निभाते है सब के वादे	६
१०	तन भी जायें धन भी जाये	६
११	मानव धर्म को निभावो	७
१२	ऐ मेरे मन उधर	८
१३	गरीबों का दुख	८
१४	धन्य माँ भागरता	९
१५	सुख की जिंदगी	१०
१६	राम नाम बीन	१०
१७	जैसा बदले जमाना	११
१८	मानव मानवता से	१२
१९	तन मन जन में	१३
२०	सभी धर्म का, सभी जाती का	१३
२१	कहाँ भगते जा रहा	१४
२२	तन का बल	१५
२३	नेकी बदी को देखके चल	१५

भजन क्र.	शिर्षक	पेज क्र.
२४	भक्ति बीना न मिले मुक्ती	१६
२५	गरीबों के हम	१७
२६	भगवान मेरे वतन को	१८
२७	सोई किस्मत को आजमाने	१८
२८	इमानदारी से कर्तव्यदारी	२०
२९	मीठे ढग की मीठी बनी	२०
३०	ग्राम यही मंदिर मेरा	२१
३१	सच्चे को है मेरा साथ	२२
३२	माथे पे चंदन है	२२
३३	तेरी पुजा तूही जाने	२३
३४	लिजोरे खबरियाँ मोरे सावरियाँ	२४
३५	साम्प्रदयिक वाद बढते चला	२५
३६	सब जीव प्राणी एक समान	२६
३७	तू दुख हरणी	२७
३८	तडफ रहा है जीया मोरा	२७
३९	मानव की भ्रष्ट हुयी मति	२८
४०	रोग आते है पाप रस्ते	२९
४१	दुनियाँ मतलब की साथीं यार	३०
४२	हमे ना दुनियाँ का ये डर	३१
४३	मेरो मन हरिनाम का भायो रे	३१
४४	मेरा पिछडा समाज	३२
४५	मेरा खून मराठा	३३
४६	बिघड रही है प्रेम की बाते	३३
४७	झुठ लफंगे लोग बेशरम	३४
४८	संतो की राहों पर	३५

भजन क्र.	शिर्षक	पेज क्र.
४९	समय को देखकर चलना	३६
५०	जिसको समाज का सच्चा हित	३६
५१	संतो के विचार उँचे	३७
५२	वतन का ख्याल है जिस नर को	३८
५३	अलाल आदमी यम का मेहमान	३९
५४	जाती पाती ना देखो किसी की	४०
५५	श्रम करके जो जीवीत रहे	६५

-: अनक्रमणिका :-

मराठी विभाग

भजन क्र.	शिर्षक	पृष्ठ क्र.
१	परिस्थितीला पाहून पुढे	४२
२	जो ज्यासी आवडला	४३
३	आज युगात गोष्टी चा बाजार	४३
४	आज जगी पाहीले खोटारडे लोक	४४
५	म्रझे गाव आहे तिर्थ	४५
६	तूच विघ्न हरणी	४५
७	मुर्खाचा बाजार जिवाची हानी	४६
८	जय जय राम कृष्ण जय हरी	४७
९	पुजेत देव दुजा	४८
१०	गरीबा नाशोबी भाजो भाकरी	४९
११	मानव मानवतेने वाग	५०

भजन क्र.	शिर्षक	पृष्ठ क्र.
१२	नमो देवराया तवचरणी माथा	५०
१३	राम नाम वीन कोणी नाही रे सुखी	५१
१४	सुधारणा आपुल्या कर्मांती करा	५२
१५	नवे जुने कोणी नाही	५२
१६	त्यांच्या कार्याचे काय महत्व	५३
१७	सगुण पुजा करी तू देहावरी आहे	५४
१८	सुधारावा व्यवहार सुंदर ते माधों	५५
१९	गरीबा जवळ आहे इमानदारी	५५
२०	सज्जनानी नेहमी सत्यतेने वागावे	५६
२१	संताचे स्वभाव बाळा प्रमाणे	५७
२२	आईचे प्रेम बाळावरी जंसे	५७
२३	प्राण्या तू दोन दिवसाचा पाहुणा	५८
२४	जगी कोणाची करावी आस	५९
२५	आपुले दुःख मी सांगू कुणा	५९
२६	माझे ना या जगी कोण	६०
२७	शरीर तिजोरी श्वास तूझे धन	६१
२८	संताच्या सान्नीध्यात सुख शांती मिळे	६१
२९	मानव जीवनाचा करु नको मातेरा	६२
३०	आत्म सुखाचा मार्ग गाठ	६३
३१	देश धर्माचे कार्य कराया	६४

★★★★★

॥ ॐ ॥

लहरी भजन स्फुर्ती

भजन क्र. १ (तर्ज-- अगर है ज्ञान को पाना)

नर से नारायण होवे, अपने कर्म परख लेवे ॥

अज्ञाणी को ग्यानी बनाये, वोही देवता कहलाये। ।टेक॥

दृष्टी समता की है उसकी, कोई न रहने पाये कष्टीं।
जीवन में हरीयाली लाये, कही कमतरता न होवे। ।१॥

दुखीयों के लिये तडप मनमें, सुख शांती मिले उनमें।
सबकी बिगडी बनायें, सच्ची राह दिखाये। ॥२॥

दरिद्रो का दरिद्र नारायण, भक्तों का है वो भगवान।
भ्रमिष्टो के भ्रम मिटाये, दानव को मानव बनाये। ।३॥

जैरामदास कहे परखे, बिन नर है कंगाल।
लिख पढ के पंडीत भये, व्यर्थ बजाये झुठी गाल।
व्यर्थ जीवन मत खोये, अंत में हाथमल रोये। ॥४॥

भजन क्र. २

म हुजूर का मजूर सेवा मेरा काम
मानदारी का ही लेता हूं मै दाम
अरे खाता नही अरे खाता नही किसी की फुकट की छदाम
करता हूं काम मै सुबह शाम ॥टेक॥

निष्काम भावना की मेरी है भक्ती
उसीमें मुझको मिलती है शांती

हर जीवसे मेरी जुडी है प्रीती
दया धर्म करुणा यही मेरी नीती
हरीनाम का मै हरदम पीता हूँ जाम ॥ १ ॥

हरदम भरोसा है मेरा सत्य पर
उसीके बलपर ही रहता हूँ निर्भर
दानवीय वृत्तीका मुझको नही डर
चाहे कोई प्राण मेरा लेता हर
अरे चिंता नही किसकीं, मेरा रखवाला है राम ॥ २ ॥

मैंने घर बनाया, देखो सारे बिश्व को
तीनो लोगों का राज भी फीका लगे मुझको
गुरु की कृपा पाया हु मैं सार
मंझधार की नैय्या, हुई मेरी पार
जीव जगत का भेद मीटा कहता जैराम ॥ ३ ॥

भजन क्र. ३

[तर्ज- विश्व ची घर भासुनी]

पकडलो संतोका ये साथ, जिवन में तब होगा विकास ।
षडविकार तेरे होगें नाश, छोड दे पराई ये आस ॥ टेक ॥

खेल है माया का संसार, भूले मत इसमें तू रे यार
बनो मत माया का ये दास ॥ १ ॥

तू है क्षण घडीं का मेहमान, किसका कर रहा गुमान
अंत समय कोई ना आये पास ॥ २ ॥

देख ना झुठा ये सपना, धन परिवार न होये अपना
संत ही तोडे जन्ममृत्यू फास ॥ ३ ॥
भजन बीन कोई न हुये पार, सब खेल झुठी ये बकवास
जताये तुझे ये जैरामदास ॥ ४ ॥

भजन क्र. ४

[तर्ज– जो आवडतो देवाला]

ज्ञानी से बडा विचारी, वो ही मानवता का पूजारी

निष्काम भाव जिसकी वृत्ती, सेवा भाव में बहती मती।
सभी देवता करे स्तुती, वो ही सबका कैवारी ॥ १ ॥

जनता में ही जनार्धन देखा, अपना पराया भेद न रखा।
नितीका है वो तो पक्का दुष्ट सज्जन से प्रीत करी ॥ २ ॥

माटी सोना एक ही जाना, सुख दुःख एक समाना।
निर्भयता का उसका बाना, उसका जगमें नही कोई बैरी
॥ ३ ॥
जैराम कहे गावो ऐसा गाना, कलियुग में सतयुग है लाना
भाई चारे का नाता निभाना, सतयुग का वो ही है पुढारी
॥ ४ ॥

भजन क्र. ५

आज देखो छल कपट का हो रहा है बोलबाला।
इमानदार और सत्यवान जा रहा है कुचला ॥ टेक ॥
श्रम करनेवाला भुखा मरता, दर दर की वो ठोकरे खाता
कही ना उनको ठिकाणा मिलता, रातदिन तडपते रहता
विषमताही बढते चली, न्याय निती को लगा ताला ॥ १ ॥

सका माल उसका बेहाल, गुंडें लोफर बने दलाल
ीबो के हो रहे बेहाल, उसको न मिले आटा दाल
ाखोरी और काला बाजार, समाज में बढ रही बुरी बला
॥ २ ॥

ृ जैराम ऐसे नितीसे, देश का हो रहा बेहाल
पको न रोका जाय तो, मानवता का होगा विनाश
ाचो समझो मेरे भाईयो, जता रहा हुँ मै खुल्ला-खुल्ला
॥ ३ ॥

भजन क्र. ६

(तर्ज जनम जनम का साथ तुम्हारा हमारा)

ब तक चलेगी तुम्हारी चालाकी, आये दिन भरने के
गवान के घर अन्याय नही, चली नही शेखी रावण की
॥ टेक ॥

ोले जनको सताते रहते, उनको ही लुटते जाते
हंकार में दबाते रहते सुख शांती से जीने न देते
कसको सुनाये मुसिबत की बाते सुननेवाला कोई न बाकी
॥ १ ॥

नो से ये बहती धारा, कहाँ गया कँवारी हमारा
डप तडप से रहा बेचारा, नैय्या कैसे लगे किनारा
ान्न–अन्न से तरस रहें है कौन सुने पुकार इनकी ॥ २ ॥

ुखीयों की दैना भरी कहानी, इसका कोई है क्या वाली
ाच्चे सपुत हो मातृभूमी के तो,लाओ इनके जिवन में हरीयाली
कहना सुनो गुणवान धनवान, अर्जी है ये जैराम की ॥ ३ ॥

भजन क्र. ७

अपनी अपनी कौम की प्रगती करना यही उन्नती है।
धर्मं निती से चल करके यही हमारी ख्याती है ॥ टेक ॥

बंधू भावना फ़र्ज निभाना, दिन दुखीयों को गले लगाना
अग्यानी को ग्यान देकर धर्मं निती से चलना
गांधीवाद को साकार करना यही हमारा धर्मं है ॥ १ ॥

फुकट का ना किसीका खायेंगे यही हमारा धर्मं हैं।
कर्मं अपने परख के चलना, यही हमारा धर्मं है।
जिम्मेदारी अपनी निभाकर इसमें ही सुख शांती है ॥ २ ॥

किसी प्राणी का द्वेष ना रखे, आत्मा से आत्मा जोडना है।
निच ऊँच का भेद मिटाकर, विषमता को मिटाना हैं।
जैराम कहे अग्यान भुलकर जोडो सबसे प्रीती है। ॥ ३ ॥

भजन क्र. ८

वचन के पक्के होते संत
निर्माण किये शास्त्र ग्रंथ ॥ टेक ॥

विचार शक्ती की बहे वो धारा,
ज्ञानी धनी ना पाये पारा
किसने न लगाये इसका अंत ॥ १ ॥

सारे विश्व की है सीमा,
पार न पाये उसकी महीमा
उनके बोलसे जीव प्राणी होवे क्षुब्ध ॥ २ ॥

जैराम कहे नित नूतन भाषा,
दिन दुखीयो को देता दिलासा।
नही समझे तो है मतीमंद ॥३॥

भजन क्र. ९

निभाते हैं सबके वादे पूरी करता है उनकी मुरादे ॥
वोही है सच्चा विधाता, उससेही जोडो तुम नाता
रहो न उससे कोई जुदे ॥१॥

भ्रमीष्टीयोंका भ्रम मिटाकर, सच्ची राहे उन्हे दिखाकर.
बन जाते है खुदा के बंदे ॥२॥

कही ना पडे कमतरता उसे, कर्म करता हैं निर्भयता से
प्रपंच परमार्थ उसका सदो ॥३॥

जिसकी लगन है देश धर्म की, दृष्ट प्राण हरले उसकी
बदले ना कभी अपने इरादे ॥४॥

जैरामदास कहे सुखमय जीवन, रामनाम का है धन
निभाया मानवता के वादे ॥५॥

भजन क्र. १०

तन भी जाये धन भी जाये,
फिर भी अपने प्रणको निभाये ॥
फीक्र नही हैं किसी बात की, सेवा करें दिन दुखीयो की
सत्त धर्म का नारा लगाये ॥१॥

देश समाज का है वो दुलारा, मातृभूमी का सपूत प्यारा
भुले को वो राह दिखायी ॥ २ ॥

सभी जीवो को देवता समझे, कमतरता ना पडे उनको
उनके खातिर शरीर झिझाये ॥ ३ ॥

करे पुजा चलते फिरते देवता की, रखकर श्रद्धा निष्ठा भाव की
जड जीवो को हरदम जगायी ॥ ४ ॥

जैंराम कहे गुरु वचन का पक्का मानवता का हैं वो सखा
इसमें ही सुख शांती को पाये ॥ ५ ॥

भजन क्र. ११

(तर्जः– तुमसे मिलने को दिल करता है ।)

मानव धर्म को निभावो – बाबा २
अजी अपना सुंदर जीवन को बनावो ॥ टेक ॥

यह संसार हैं झूठा सपना, कौन होवे कब यहासे बीराना
माया ममता का बीज न बोओ ॥ १ ॥

क्षण भंगुर हैं काया तेरी, रह जायेगी महाल अटारी
अज्ञानता में धोका न खाओ ॥ २ ॥

किसकी रात और किसका दिन है,
पल घडी का है तू मेहमान
नेक काम की कमाई कमाओ ॥ ३ ॥

नीती धर्म का मार्ग पकडलो, बंधूभाव का नाता निभाओ
जैरामदास कहे भुल ना खाओ ॥ ४ ॥

भजन क्र. १२

[तर्ज- ऐ मेरे हम सफर एक नया]

ऐ मेरे मन उधर चल जरा गुरु के द्वार
कह रही है सब दिशायें बाते सार की ॥टेक॥

दौडता फिरेगा तू कहाँ तक, राहे अनेक है।
घुमकर वही फिर आये, मंजील तो एक है।
हो जा खडा गली में SSS मूलाधार की ॥ १ ॥

लक्ष बनाले तू अपना, सब राहे बंद कर।
स्वादिष्ठान में कुंडलीनी, सोई है जागृत कर
मनीपुर में है उल्टी SSS सर्पाकार की ॥ २ ॥

झुलकर हिंगेले अनहद में, संभल संभल कर चल।
विशुद्ध अग्नि से होकर, आज्ञा पे हो जा अटल।
उस देगी बच चलना SSS वो नागिन फनकर की ॥ ३ ॥

आज्ञा गुरुकी तू लेकर, सहस्त्रदल तक खींच।
सत्रावी के जलसे उसको, धीरे-धीरे तू पी।
आना संभल के पागल SSS कहे जंराम पारखी ॥ ४ ॥

भजन क्र. १३

गरीबो का दुःख देखकर, नैनो में आता है पानी।
किसको बताऊँ अपनी कहानी, मेरी दर्द भरी वाणी। टेक ॥

अपने परसे जगको परखा, वोही विचार मनमे रखा।
दर-दर की मैं ठोकर खाया, आप बिती बतलाया।
परिवार ने साथ न दिया, सभीने किये हैं परेशानी ॥ १ ॥

चलती के सब संगी साथी, मुसीबत मे कोई ना संगाती ।
कर्म से ही रहते कोई भाई, भाग्य उदय करण है ।
दुःख दरिद्री मीट जाती है, छोड दो सारी नादानी ॥२॥

अग्यानता ही पाप मूल है, यही सबसे भुल है ।
विचार कर ले अपने मन मे, जीवन सुखी बनाना है ।
जैराम कहे कर्म साधने से, भाग्य बनता धनी ॥३॥

भजन क्र. १४

धन्य माँ भागरता, तेरे दरपे आये है ।
हीन दीन बालक तेरे, सर चरणो मे झुकाये है । ॥टेक॥

लिये अवतार तुमने, खुशीयो छाई घर-घर में
पतीत को करने, तुम आयी थी भारत में
कैसे हमें छोड गयी, नैन आसू भर आये है ॥१॥

पाये जीवन साथी कामठा में, मीलकर स्वर्ग बनाये है
रहकर लहरीके चरणो में, अधम को पावन बनायें है ।
अजब महीमा है तेरी, कैसे गुण को गाऊ मै ॥२॥

जन्म दी गोपाल तुकड्या को, देखी बालक सभी को
रखी सम दृष्टी सबके उपर, ऐसा प्यार दी बच्चो को ।
क्षण-क्षण में याद तेरी, कैसे तुम बीन जीवू मै ॥३॥

दुर्गा अष्टमी के दिन, कैसे छोड गयीं हम सबको
रह गये भक्त खडे, नही जाने तेरे मर्मको ।
रह गयी याद तुम्हारी, सभी भक्त गण रोते है । ॥४॥

अष्टमी की पुण्यतिथी, सब मिलाकर मनाते है
दे दो आशीष माता, तेरे चरणो में आये है।
रहे नाम तेरा युग युग में, श्रद्धांजली हम देते है ॥५॥

भजन क्र. १५

(तर्ज इश्क बचाये)

सुख की जिंदगी, कर्मो की भली
उसकी ही किर्ती जगमे फैली ॥टेक॥

क्षण भंगुर है तेरी काया, धरती पर ना कोई रह पाया
तेरी उमरीयाँ ढलते चली ॥१॥

कोई न तेरा यहा साथी, चलती के है कुटुंब संगाती
बोलो सबसे मीठी बोली ॥२॥

प्रेम का नाता निभाले चल, जीवन तेरा होगा सफल
वाणी सत्य की कभी ना टली ॥३॥

जैराम कहे इन्सानियत की बाते, अपने वादे निभाते रहते
उसको जिवन मुक्ती मिली ॥४॥

भजन क्र. १६

(तर्ज अच्छा सिला)

राम नाम बीन सारा झुठा सपना
कौन पराया कौन है अपना ॥टेक॥

जीवन की नैय्या मंझधार अडी है
गुरु बीन कौन लगाये थडी है
छोडो–छोडो–छोडो सारी झुठी कल्पना ॥ १ ॥

परखले जावो अपने हीत की बाते
व्यर्थ में स्वांस क्यों होते ही जाते
नही तो पडेगा आना जाना ॥ २ ॥

तन माटी है धन हैं माटी
साथ में कभी ना आये लंगोटी
माया में क्यों बनता है दिवाना ॥ ३ ॥

जेरापदास कहे चिडीयाँ रैन बसेरा
सोचा हुआ सब रहेगा अधुरा
बीना भजन के व्यर्थं है जीना ॥ ४ ॥

भजन क्र. १७

[तर्ज- बेदर्दी से प्यार] [तर्ज- सोचेंगे तुम्हे प्यार करते नही]

जैसा बदले जमाना वैसा गावो गाना
इंतजार समय का, करते ही, रहना ॥ टेक ॥

समय सुचक ज्ञान ना जिसमे
जीवन उसका हैं अधुरें में
अंधकार में है. जीवन सुना ॥ १ ॥

ज्ञान बुद्धी की जिसकी जोडी
उसे मिले जिवन हरियाली
बाकी है सब बहाना ॥ २ ॥

जहाँ तक रवि, वहाँ तक कवी
उसके परे है, संतो की बानी
ना समझे तो पिछे है रोना ॥ ३ ॥

जैराम परखो ज्ञान से ज्ञानी
बिरले ही समझे संत वाणी
जाने उसका छुटे, आना जाना ॥ ४ ॥

भजन क्र. १८

(तर्ज– बहोत प्यार करले)

मानव मानवता से, करले ये प्यार
मीट जाये सारी, झंझट तकरार ॥ टेक ॥

सबके हीत में, अपना हीत समझे
हरी नाम रात दिन भजले रहते
बिताये सारी उसमे उमर ॥ १ ॥

सब जीवो को, मिले शांती
जिसमे होवे सबकी उन्नती
सबकी भलाई का, करे बिचार ॥ २ ॥

तन छोडने पर नाम छोड जाना
अमर रहेगा तेरा युग–युग गाना
इन्सानियत का यही हैं सार ॥ ३ ॥

कहता जैराम, सुवर्ण घडी
पूर्व पुण्य से, तुझको मिली
समय ना मिले, बारंबार ॥ ४ ॥

भजन क्र. १९

[तर्ज- राम नाम]

तन मन जन में प्रभूका है वास
ऐसी कोई जगह ना सुना है निवास ॥टेक॥

पाया जिसने परमात्मा का अनुभव
सभी ठिकाणे मिला, शांती वैभव
किसी बातकी उसे कमी ना पडे
हुवा जीवन का विकास ॥ १ ॥

भक्ती भाव की जीसकी दौलत
राम नाम कि किया अनामत
ऐसा मानव सभी को भावत
हरी बीन रहे सदा वो उदास ॥ २ ॥

जैराम कहे ऐसा मतवाला
पीकर ब्रम्हरस का प्याला
वही सच्चा गुरु का चेला
लगा ऐसा जिसे निजध्यास ॥ ३ ॥

भजन क्र. २०

सभी धर्म का, सभी जाती का है वो देखो भारती
मानवता का धर्म निभाये, पुजा करे; सुविचारकी ॥ टेक ॥

ऐक पें अटल श्रद्धा रखो; बताते येशू ज्ञान
दया भाव को हृदय मे धरलो, जतलाते है राम
बुद्ध ने पंचशील बताकर, रक्षा की परिवार की ॥ १ ॥

ऊँच निच का भेद न जानें पर जीवो की दया
भावना जैसी मनकी हो, भगवान सब में समाया
दिन दुखीयोंको देके दिलासा, रीत सिखलाई प्यार की ॥२॥

कितनी भी आपत्ती आये, तत्व से ना ढले।
प्राण भी चाहे हरले कोई मौत लगाये गले
जैरामदास कहे ऐसे नरके, कृष्ण बने है सारथी ॥ ३ ॥

भजन क्र. २१

(तर्ज– भज गोविंदा भज गोपाला)

कहाँ भगते जा रहा, यम तेरे पिछे आ रहा
छोडे ना तुझको रे नाहक उमर क्यो बीता रहा ॥ टेक ॥

मानव शरीर पा करके, दानव क्यों तू बन रहा
स्वर्ण संधी मिली तूझें, मुफ्त में जीवन गमा रहा
पूर्व पुण्य से नर तन पाया, विचार ना उसका कभी किया
॥ १ ॥

अधर्म की राहे पकडा, जीवन अपना बरबाद किया
प्रेम का मार्ग भूल गया, चाम से तूने प्रीत किया
गधारी के तेरे काम भजा ना राम रमय्या ॥ २ ॥

पाजी शरम गधातूरे, धर्म कर्म तू भूल गया
दिन दुखीयों की रहम न तुझको किया न तूने किसकी दया
जैरामदास कहे सून मुर्ख, जन्म मरण में फस गया ॥ ३ ॥

भजन क्र. २२

[तर्ज– त्रीलोक पती दाता सुख धाम]

तन का बल और धन का बल
ज्ञान से करता तू रे छल ।।टेक।।

गर्व गुमान की तेरी बाते, भुला बंधुत्व के नाते
दिन दुखीयों को जाता सताते, पीर पराई भावे न बाते
हमदर्दी ना किसी कि देखा, कभी ना बोला मीठा बोल ।। १ ।।

मुरखता का व्यवहार करे, पाप पुण्यका ना किया विचार
भोले जनसे करता तकरार, मानवतासे किय न प्यार
अज्ञान में जीवन खोया, बुराई से मुखडा मोड ।। २ ।।

जैराम कहता पापी हरामी, आया किसके कामी
जन्म लेकर निकला अधर्मी, राम दरबार में निकलेगी गर्मी
जन्म मरण टल ना जाये, अंत में जायेगा हात मल ।। ३ ।।

भजन क्र. २३

[तर्ज तेरी उम्मीद तेरा इंतजार]

नेकी बदी को देखके चल, पायेगा सुख तु रे
जैसी भावना वैसा फल, मिलेगा तुझको रे ।। टेक ।।

प्रभु का नाम तू रे भजते चल
जीवन नैय्या होगी रे तेरी सफल
धर्म कर्म से नाता जोड, आया भुमी पर रे ।। १ ।।

छल कपट से उमरीयां बीत चली
गरीबो की लिया रे तू ने बली
बाते करता है, मनचली, पुण्य का ना विचार रे ॥ २ ॥

मानवता के करतातू रे बैर
अधर्म की करता तू रे सैर
तू बना दूष्ट कर्मो का साथी, पाप का न रखा उसे ॥ ३ ॥

कहता जैराम तेरे कहानी का फल
माफ ना होगा करले तू रे सबर
किस को छुटी रजा, इश्वर को तू डर रे ॥ ४ ॥

भजन क्र. २४

[तर्ज- बेदर्दी]

भक्ती बिना न मिले मुक्ती
कर्म ही होवे अपने साथी ॥टेक॥

प्रयत्न बिन है जिवन सुना
तब मानवता का सुख पाना
मिटे न उसकी भूली भ्रांतीं ॥ १ ॥

बीना परखें कर्म जो करे
सारे कार्य रहे अधुरे
मिले न जीवन में उसे शांती ॥ २ ॥

भाग्य का उदय प्रयत्न के बिना
कोशीश करे हर कोई कितना
होवे सच्ची उसकी उन्नती ॥ ३ ॥

कर्म संचीत की है जोडी
परखे बीन न नाव लगे थडी
जैराम कहे मिटे तब बिपत्ती ॥ ४ ॥

भजन क्र. २५

[तर्ज– मनी नाही भाव]

गरीबो के हम, उसका ही हमें दम
किसी बात की न पडती कम रे SSS
झीजते रहे उनके लिये तन रे ॥ टेक ॥

उनकी दया से हमें मिलती है शांती
दुखीयों की सेवा करना हमारी भक्ती
धर्म से करते काम, मुख से भजते राम,
वही हमारी शान रे ॥ १ ॥

चलते फिरते भगवान की करते है पुजा
उसके बिना धर्म हमें दिखे न दुजा
मनमें निष्काम भाव, नीती में पंढरी राव,
पवित्र रखे मन रे ॥ २ ॥

कहे जैराम दया धर्म रखे पाल
दिन दुखीयो के सहन करना चाल
होवे जीवन विकास, षडविकार हुये नाश
वो ही सच्चा सबका मित्र रे ॥ ३ ॥

भजन क्र. २६

भगवान मेरे वतन को आकर सुखीं बनादे
लेकर के निती नियम को, सभी पूर्ण करो वादे ॥ टेक ॥

किसी को किसी बात की पडेना कही भी कमतरता
समता के भाव रखकर, एक दूसरे की. हरे विपदा
सलोकत से चलकर के, निभाये अपने वादे ॥ १ ॥

संघटन के पुजारी बनकर प्रेमभाव रखे दुजे पर
मन से हटाकर द्वेशभाव, चले सभी संत के पथ पर
परखे अपनी जिम्मेदारी, बिचार छोड वो गद्य ॥ २ ॥

सबकी भलाई हो वो ही बाते करे भाई चारे की
प्रेम देना प्रेम लेना, सीखाये निती मानवता की
रखे ख्याल देश धर्म का, पुरे करे अपने वादे ॥ ३ ॥

कहे जैराम भुल ना होवे, निती के ही प्रीती से
चाहे तन से प्राण जाये, भूल ना पडे वचन से
कुछ ना मांगु तुमसे, पूर्ण करो मेरे मुरादे ॥ ४ ॥

भजन क्र. २७

[तर्ज– सुन भई चंपा]

सोई किस्मत को आजमाने जग जा तूरे अनजाने
अच्छे कर्म का करले वादा सत मार्ग से नित चलते जा
॥ टेक ॥

संतो का मानलो कहना, बडो का आदर करना
प्यारे सच हरदम बोल
जिसने प्रभू से नाता जोडा, सुख शांती को पायेगा
सबका भला जो चाहता है, इस जग से वो तर जायेगा
दिन दुखीयों को तरसाये और अभिमान की बात करे
माया के सपने देखे जींदे रहकर है मरे
इसलिये वेदो ने कहां है ॥ १ ॥

धर्म की राह धरना, अनादर से नित डरना
संत इशारे को तू तौल
इनके वचन निभाना है हरियाली जीवन में लायेंगे
प्रभू के नाम को गाना है, ज्योती से ज्योत जलायेंगे
सुख सभी को पहुचाये और समता के भाव धरे
हीत अपना ही परखे अनहीत से रहे परे
इसलिये यहाँ आये है मानव धर्म का ॥ २ ॥

अमर तत्व को पाना, प्रेम गंगा बहाना
निज धन है अनमोल
जिसने देखा एक ही सबमें, फिर ना कमतरता रहे
जिधर भी मुढ जाता है उधर प्रभू को पाता है
जो ऐसा नाता निभाये, भवसिंधू से तरे
अपने आप को देखे, सुरत से किरत घडी
इसलिये जैराम कहता, अच्छे कर्म करे ॥ ३ ॥

भजन क्र. २८

[तर्ज :- अवताराचे कार्य कराया]

इमानदारी से कर्तव्य दारी, यही नाता है मानवता का
भूल न होने पावे इसमे, प्रंपच बने सुख शांती का । टेक ।

खाये ना कोई किसका फुकट का, भगवान साथी बने उसका
वो ही मित्र है ये समाज का, काम करता अपना हक का
॥ १ ॥
उसके बलपर चलता देश, सच्चा लगन का उसका उद्देश
चीड है उसे झुठे राह की, निती धर्म का वो पक्का ॥ २ ॥

चाहे कितना धनी ग्यानी हो, प्रेम को न उसकी वाणी है
दुख न समझा दीन दुखीयों का, है वो भार पृथ्वी का ॥३॥

जैरामदास कहे सुनो भाई, इन्सानियत से जो चलता
कही न पडती उसे कमतरता, उसने ही किर्ती जग नें रखा

भजन क्र. २९

मीठे ढग की मीठी बानी, दगे बाजो की यही निशानी
परख करते है उनके गुणो को, वो ही संत मुनी ॥ टेक ॥

शद्व से तत्व को जाने, कितनी करे बनवाटी बाते,
कितना जो भी छुपाये, छुपते नही संतो से बहाने
नकल असल के गाये गाणे, परख अच्छे कर्मो की ॥ १ ॥

मानव तन पाकर अभागा, अग्यानीयो को देवे दगा
वो ना होता किसका सगा, सथ्य नही है उसके जुबा
रहम नही है किसीका उसको, वाणी है कुट नीती की
जैराम कहे ऐसे शैतान ॥ २ ॥

भजन क्र. ३०

[तर्ज– मुझे प्यारा भारत मेरा]

ग्राम यही मंदिर मेरा, नर नारी शंकर गौरी हो
सुविचार के फुल चथाऊँ, प्रेम देकर प्रेम लेऊ
यही अस्तित्व हमारा ॥ १ ॥

ज्ञान खराटा हातमें लेकर, उज्वलता लाऊँ कुटनीती पर
साफ करुं षडविकार कचरा ॥ २ ॥

विवेक मशाल चेतन करके, भेद भाव अंधकार निकले
फैलाऊ उजियारा ॥ ३ ॥

मनके भाव पवित्र बनाकर, सभी आत्मा एक मानकर
देखू ब्रम्ह ज्योत उजियारा ॥ ४ ॥

जैरामदास कहे सुनो भाई, मानवताही मार्ग सही
परखत नांव लगे किनारे ॥ ५ ॥

भजन क्र. ३१

सच्चे को है मेरा साथ, करु ना झुठे से बात
यही है यही है मेंरा सिद्धांत ॥ टेक॥

दया धरम करुणा प्रीती, शिल नम्रता की हो निती
बंधु भावना जगी हो जिसमें, चले नेकी से दिन रात ॥१॥

मर्यादा सुकर्म की राहे. वो ही मेरें दिल को भाये
अपने बल बुते पर जाये, छोडकर पक्षपात ॥२॥

मिलनसार हो जिसकी वृत्ती, मती हमेशा ब्रम्ह में बहती
मानवता का हित दिखाये, वो ही मेरा तात ॥३॥

जैरामदास कहे पीर पराई, जाना उससे मेरी मिताई
ऐसे ही मेरें मित्र कहलाये, सतगुण ही मेंरी जात ॥४॥

भजन क्र. ३२

माथे पे चंदन, है मुख में राम, झुठमुठ के करते काम
संतधर्म को, किये बदनाम, भेष में दुनीयां मर जाती है
॥ टेक॥

फैले ढोंगी उस कदर, नजर आते जिधर उधर
भोले लोगो को फंसाये, जाल बीछाकर
हुई है इनसे बरबादी, हरकते करते है गंदी
सच्चा भीं कहलाये पाजी, लोगो मे हुयी है भ्रम बाजी
लगे ना मन इन राहो में, भजन पूजन इन भानो में

ना आदर रखते संत के वचनो में
लफंगों से विश्वास खोया खीसकते चला धर्म का पहिया
नीती पैंसो से बेच दिया, सुखी अपना संसार किया
ठग बांनी के करते कुकर्म ॥१॥

बीगड रही है यहां समाज में प्रेम की बाते
बडें को छोटा ना माने अपनी ही मारे वो ताने
अश्लीलता के गाये गाने, शराब पिकर दिवाने
नही इनको फीकर घर की, होली होगई इनके तनकी
थोती बाते बडबडाते पुराणो की
ये ऐसे गुरु भ्रम में डाले, भूले है अनीती में चले
हमेशा प्रभूकी जय बोले, है कर्म मगर उनके उनके ढीले
कहो वैसा चलो कहता जैराम ॥२॥

भजन क्र. ३३

[तर्ज झुठ बोले कौआ काटे]

तेरी पुजा तूही जाने, हम क्या जाने अनजान
क्या देखता क्या परखता हमारा तू दिदार ॥टेक॥
तू हर डगर डगर में है, और तू हर नगर नगर में है
तूही बसा है सभी खबर में, तूही चंद्र सुरज नभ में
चौदा भुवन प्रकाश उजीयारा ॥१॥

जाने बीरला भेद तीहारा, जिसने आप में आप निहारा
कहीं पर तू पत्थर बना है, कही पर दरीयाँ की धारा
पेड पुल बनकर तू दिखता, तू ही सुंदर प्यारा ॥२॥

निर्धन तू, धनवान भी तू है सत गुणों का सीतारा
बगीचों में तू माली बनकर नीर की सीचे धारा
अज्ञानी तू और ज्ञानी तू ध्यान धारणा तेरा पैंतरा
सबमे रहकर है तू चतरा, माया में रहकर अपना आप
उठाये खतरा ॥ ३ ॥

सच्चा तू है कच्चा तू है, विश्व रुप निर्धारा
अजन्मा रहकर मरना मिटना ये है खेल हरदम तेरा
जैराम कहे जैसे को तैसा, तुझको किसीने नही बनाया
तू है स्वयं अविनासा, रोगी तू है भोगी तू है सबमें
तेरा पसारा ॥ ४ ॥

भजन क्र. ३४

[तर्ज– लिजो रे खबरिया]

लिजोरे खबरियाँ मोरे सावरियाँ
भुलियों न मोरे दुखियाँ की बत्तियाँ ॥ टेक ॥
पुजा न जानु कैसे चढाऊँ फुल पत्तियाँ
आजा मेरें भगवन भर देरे झोलियाँ
द्वार खडा हूँ बतला दे विधियाँ ॥ १ ॥

कई जन्मो का हूँ मै भूला जानू नही राहे
अनजाना राही हूँ मै जीया घबराये
बढा देरें बैट्या तु रें खिवट्या ॥ २ ॥

तेरे हाथों मे मोरी डोरी रे सावरियाँ
बनी बिघडी का तू ही है रखवैय्या
सत्ता बिन तेरे हिलतो न पत्तियाँ ॥ ३ ॥

त्रस्त हो गया हूँ देख माया का झमेला
कोई ना साथी तुझ बीन पडा हूँ अकेला
भूले का सहारा तू हो राधा के रमैय्या ॥ ४ ॥
एक बार दर्शन दिजो बिनती है मोरी
पतित को पावन किजो, सुनी देह नगरी
चरणो में तोरे जैराम आया ॥ ५ ॥

भजन क्र. ३५

सांप्रदयिक वाद बढते चला,
मानवताके पिछे आ रही है बला ।
इसको बचाने ले ले संतो से सलाह,
मानवताके पिछे आरही है बला ॥ टेक ॥

क्रोध हिंसा की लहरे मंडरा रही है ।
सत्व धर्म कर्म डुब रहा है ॥
आज देखो, दया धरम, डुबते चला ॥ १ ॥

कोई कहता अपने को विद्‌वान ।
गर्व गुमान की बताये शान ॥
सट्टा शरब में बना मतवाला ॥ २ ॥

मानव दानव की चल रही लढाई ।
किसी की रहम किसको न आयी ॥
माया ममता में ये है भूला ॥ ३ ॥

मानव मानव से जूडेगी प्रिती ।
तब ही मिलेगी सही सुख शांती ॥
जतला रहा हूँ खुलम खुला ॥ ४ ॥

जैरामदास कहे हित की बाते ।
नही समझो तो खावोगे गोते ॥
एकता में ही है सबका भला ॥ ५ ॥

भजन क्र. ३६

सब जीव प्राणी एक समान, दया धरम का यही है निशान
संतमुनीं का ये ही है ज्ञान, इसलिये कहलाते पुज्य महान
॥ टेक ॥

पर दुःख देखकर दुःखी होते ।
उनके सेवामे तन को झीजाते
देश समाज का होवे कल्याण, जिसमें मिले उन्हे समाधान
॥ १ ॥

एक ही धर्म एक ही जाती
जिसमें होवे सबकी उन्नती
बंधुत्व भाव को मिले सम्मान, दूष्ट प्रवृत्ती होवे निसंतान
॥ २ ॥

सत्य अहिंसा का सभी का नारा
विश्व शांती का मंत्र हमारा
जैरामदास के बात पर देना प्यारे ध्यान, धर्म में छुपा है
मर्म महान ॥ ३ ॥

भजन क्र. ३७

तर्ज – बापा मोरिया रे

तू दू:ख हरणी, तू सूख हरणी दूर्गा तू आदी माता ।
तू अनंत रुपी, तूम हो तपी, तेरी त्रिलोकी गाथा ॥टेक॥
शरण में जो कोई आये, संकट से पल मे छुडाये
शांति धैर्य तू दिलाये, सुख आनंद हो पाये ॥
तू भिद्र रक्षणी, असुर मर्दाणी, हले न तेरे बिन पत्ता ॥१॥

निर्धन की भरती झोली, बांझ बने पुत्रवाली ।
तेरा वचन न जाये खाली श्रद्धा भाव से पुजे सवाली
जैसी जिसकी भावना करे, पूरी कामना वैसी निभाती जाती
॥२॥

बढे पृथ्वी पर अत्याचार, तब तब लेती अवतार ।
सिंह पिठ पर होके सवार, हाथ में लेके खप्पर ॥
तू तलवारधारी, तू शुंभकारी, भक्तों की विजय कराति
॥३॥

सुनले मेरी तू करुणा पुकार, आकर मीटा दे भ्रष्टाचार
जहाँ वहाँ फैला अत्याचार, कोंई यहाँ न मददगार ॥
प्रार्थना जैराम की रक्षा दिनन की । बचाओं धर्म डुबता
॥४॥

भजन क्र. ३८

तडफ रहा है जीया मोरा, समाज सुखी होवे ॥
गरीब अमीर ऊँच निच ये भेद भाव मीट जाये ॥टेक॥

सभी जिवों को शांती मिले, मानवता बच पाये ।
धर्म निती के मार्ग पे चलकर, सुख से जीवन बीताये ॥
एकमेक को गले लगाकर, प्रेम का दिपक जलाये ॥ १ ॥

सत्यव्रत का बाणा लेकर, दिल में हो अमृतवाणी ।
कि तना भी हो कामि क्रोध्री, मुर्ख बनजाये ज्ञानी ॥
काला बाजार गुंडागर्दी, तनिक न रह पाये ॥ २ ॥

अपना पराया भेद न रखें सबका हित परखे ।
किसी पर ना अन्याय होवे, ऐसा सबक सिखाये ॥
महागुरुओ के वचन निभाकर, संस्कृती टिकाये ॥ ३ ॥

श्रीरामदास कहे भाई, सत्कर्म हमारे साथी ।
इसी में ही भरी है, तुम्हारी हमारी उन्नती ॥
तभी बचेगा देश धर्म, निती अमल में लावों ॥ ४ ॥

भजन क्र. ३९

[तर्ज– ये मेरा प्रेम पत्र पढकर]

मानव की भ्रष्ट हुयी मती, छोडी है इमान की निती ।
फसल ना दे रही खेती, जगत में फैली अशांती ॥टेक॥

भ्रष्टाचार का बोल–बाला, सज्जन जा रहा है कुचला ।
जो झुटा अलाल निकला, दूजे का माल हडप चला ॥
समाज में बुरा रोग फैला, निकल चली बंधूभाव की प्रिती
॥ १ ॥

जकडे है तेरे मेरे में, एक दुजे की बुराई मे ।
नही दयाभाव इनके दिल में, उमरियाँ खो रहे है छल में
शिल नम्रता के नही भाव, इसी से आयी विपत्ती ॥२॥

जाती पाती का बडा जोर, मानव--मानव से हो रहा दूर
देखेना अपना कोई कसूर, कहता अपनेकोहि शूर
इसी से फैली है व्यथा भडक रही क्रोध की वृत्ती ॥ ३ ॥

भाविक पिढी निर्माण होवे जीव जग सुख शांती पावे ।
तेल बिन दिप न जल पावे, सत्य बिन शोभा न आवे ॥
कहे जैराम देव मानव, एक दूसरे से है दोस्ती ॥४॥

भजन क्र. ४०

[तर्ज-- ये मेरा प्रेम पत्र पढकर]

रोग आते है पाप रस्ते, रोग जाते है नाम जपते ।
निभाये स्वहित के नाते, चलते जा सत्य को देखते ॥ टेक ॥
तेरा तू ही है साथी, वैसे ही दिखे तूझे मूर्ती
होवे जैसी तेरी वृत्ती, दृष्टी में भरी है प्रचिती
नही मित्र शत्रू किसका, भ्रम में क्यो खाता गोते ॥ १ ॥

सब कुछ बुद्धि का ही फेरा, अज्ञान से माया में गीरा ।
देख जन स्वरुप नजारा वैसे ही हो जावे भवपारा ॥
मीट जाए भेद ये सारा, जीव जब ब्रम्ह को पाये ॥ २ ॥

निष्ठा में ही है प्रतिष्ठा, दृष्य जगत में वो बैठा ।
श्रद्धा में है तेरा देवता, मन में भाव जैसे रखता ॥
उससे ही ये शांती पाता, उससे ही उमर जाये ढलते । ३ ।

जीवन ज्योती से विवेक ज्योती, खोजके आत्मबल शक्ती ।
मिलने की यही मुक्ती, कर चित्त मन बुद्धि से भक्ती ॥
जैरामदास भक्ती बिन मुक्ति, संत ही ज्ञान को देते ॥४॥

भजन क्र. ४१

[तर्ज– मैंने पुजन को भगवान]

दुनियां मतलबकी साथी यार, इनसे कौन करेंगा प्यार ।टैक।
स्वारथ हित की करे ये प्रिती, स्वारथ बिकलते करे
ज्यादती

कैसा होगा इनसे उद्धार ॥ १ ॥

जब तक तन में है ये शक्ति, धन माया से करें वो प्रिती
विपत में साथ न देवे नार ॥ २ ॥

अच्छे के सब मिलते संगी, बुरे दिनों पर कहे अभागी
जन्मा पृथ्वी पर ये भार ॥ ३ ॥

जैरामदास कहे दुनियादारी, इससे अच्छी लगे फकीरी
छोड दो झुठा ये जंजाल ॥ ४ ॥

भजन क्र. ४२

हमें ना दुनिया का ये डर, हमारा साथी है इश्वर ॥टेक॥
